लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल 16 से 21 जनवरी 2023 तक केन्या और तंजानिया का दौरा करेगा

नई दिल्ली, 13 जनवरी, 2023: केन्या की नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष और तंजानिया की नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष के निमंत्रण पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में भारत की संसद का एक प्रतिनिधिमंडल 16 से 21 जनवरी 2023 तक केन्या और तंजानिया का दौरा करेगा।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में श्री चिराग पासवान, श्री मनोज किशोरभाई कोटक और सुश्री एस फांगनोन कोन्याक, सभी संसद सदस्य और श्री उत्पल कुमार सिंह, महासचिव, लोकसभा शामिल हैं। डॉ. अजय कुमार, संयुक्त सचिव, प्रतिनिधिमंडल के सचिव हैं।

केन्या की यात्रा के दौरान, अपने मेजबान केन्या गणराज्य की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष माननीय सीनेटर मूसा एफ.एम. वेतांगुला से मिलने के अलावा, भारतीय प्रतिनिधिमंडल केन्या के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. विलियम सोमोई रुतो; केन्या के उप राष्ट्रपति महामहिम रिगाथी गचागुआ; और केन्या की सीनेट के अध्यक्ष महामहिम एमासन जेफ़ाह किंगी से भी मुलाकात करेगा।

तंजानिया की यात्रा के दौरान, अपने मेजबान तंजानिया की नेशनल असेंबली के स्पीकर महामहिम डॉ. तुलिया एक्सन से मिलने के अलावा, भारतीय प्रतिनिधिमंडल तंजानिया के उपराष्ट्रपति महामहिम श्फिलिप म्पैंगो से भी मुलाकात करेगा।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल केन्या और तंजानिया में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का भी दौरा करेगा।